छत्तीसगढ़ शासन
ऊर्जा विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर
विज्ञापन

13 1 MAR 2017

नया रायपुर, दिनांक

क्रमांकः 973 /आर–66/01/2016/13/2:: राज्य शासन द्वारा पत्र क्रमांक 93/आर–66/01/2016/13/2 दिनांक 16.01.2017 (छायाप्रति संलग्न) से छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर के पद पर नियुक्ति हेतु पात्रताधारित इच्छुक अभ्यर्थीयों से दिनांक 13.02.2017 तक आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

2. राज्य शासन एतद्द्वारा उक्त विज्ञापन में आयु एवं अनुभव की अर्हताओं में निम्नानुसार संशोधन करती हैः–

स0 क्र0	विज्ञापन की कंडिका	विज्ञापन की कंडिका में सम्मिलित अर्हता	प्रस्तावित संशोधन
1.	4 (i)	स्टेट सेक्टर के पॉवर ट्रांसमिशन युटिलिटी अथवा पॉवर सेक्टर के शेड्यूल ए "सार्वजनिक उपक्रम में मुख्य अभियंता/ एक्ज्युटिव डायरेक्टर अथवा समतुल्य पद पर पॉवर ट्रांसमिशन क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यो/सब स्टेशन एवं पारेषण लाइन के कमिश्निंग अथवा संचालन संधारण के कार्यो का 05 वर्ष का अनुभव।	स्टेट सेक्टर के पॉवर युटिलिटी अथवा पॉवर सेक्टर के शेड्यूल ए "सार्वजनिक उपक्रम में **अतिरिक्त मुख्य अभियंता**/मुख्य अभियंता/ एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अथवा समकक्ष पद पर पॉवर **ट्रांसमिशन, डिस्ट्रीब्यूशन एवं जनरेशन अंतर्गत विद्युत उत्पादन संयंत्रों/ विभिन्न वोल्टेज के सब–स्टेशन / विद्युत लाइनों के निर्माण/ कमिशनिंग/ इंजीनियरिंग डिजाईन/ संचालन–संधारण कार्य में 05 वर्ष का अनुभव।**
2.	8	दिनांक 01 जनवरी 2017 को न्यूनतम आयु 60 वर्ष एवं अधिकतम 65 वर्ष हो	**दिनांक 01 जनवरी 2017 को अधिकतम आयु 65 वर्ष हो।**
3.	5 (i)	अभ्यर्थी कलर ब्लाइण्ड नहीं होना चाहिए	**अभ्यर्थी के कलर ब्लाइण्ड नहीं होने की अनिवार्यता विलोपित।**

3. पूर्व में जारी पत्र क्रमांक 93/आर–66/01/2016/13/2 दिनांक 16.01.2017 जारी विज्ञापन के अंतर्गत आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख जो 13 फरवरी 2017 थी को 30 जून 2017 तक बढ़ाया जाता है।

4. पूर्व में पत्र क्रमांक 93/आर–66/01/2016/13/2 दिनांक 16.01.2017 जारी विज्ञापन (छायाप्रति संलग्न) के अंतर्गत जिन अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन जमा किए गए है उन्हें पुनः आवेदन जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

31/3/17

(एम.एस. रत्नम्)
विशेष सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
ऊर्जा विभाग

पृ0क्रमांकः 974 /आर–66/01/2016/13/2 नया रायपुर, दिनांक 31 MAR 2017

प्रतिलिपिः–

1. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री जी भारसाधक मंत्री ऊर्जा, छ0ग0 शासन, नया रायपुर।
2. अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज, डंगनिया, रायपुर।
3. मुख्य सचिव के संयुक्त सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय, छ0ग0 शासन, नया रायपुर।
4. अपर मुख्य सचिव, छ0ग0 शासन, ऊर्जा विभाग, मंत्रालय, नया रायपुर।
5. प्रमुख सचिव, छ0ग0 शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय, नया रायपुर।
6. सचिव, छ0ग0 शासन, ऊर्जा विभाग, मंत्रालय, नया रायपुर।
7. संचालक, जनसम्पर्क विभाग की ओर समाचार पत्र में प्रकाशन के निवेदन सहित।
8. उप संचालक, कार्यालय उप संचालक, शासकीय मुद्रणालय, इन्द्रावती भवन के पीछे, amenity block, नया रायपुर की ओर विज्ञापन की प्रति राजपत्र में प्रकाशित कर राजपत्र की 25 प्रतियां ऊर्जा विभाग को उपलब्ध कराने के हेतु।

31/3/17

विशेष सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
ऊर्जा विभाग

छत्तीसगढ़ शासन
ऊर्जा विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

विज्ञापन

नया रायपुर, दिनांक 16/1/17

क्रमांकः 93 /आर–66/01/2016/13/2:: राज्य शासन एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर के पद पर नियुक्ति हेतु पात्रताधारित इच्छुक अभ्यर्थीयों से आवेदन आमंत्रित करता है। उक्त पद के पदीय दायित्वों, चयन की प्रक्रिया एवं कंपनी का प्रोफाईल आदि निम्नानुसार हैः–

1. छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड कंपनी का प्रोफाईलः–

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल अंतरण योजना नियम, 2010 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल के पुनर्गठन उपरांत छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, दिनांक 01 जनवरी 2009 से कार्यरत है। यह कंपनी विद्युत अधिनियम 2003 के तहत छत्तीसगढ़ शासन की ट्रांसमिशन यूटिलिटी है। विगत 08 वर्षो में इस कंपनी द्वारा स्टेट सेक्टर के पॉवर जनरेशन संयंत्रों तथा आवश्यकतानुसार निजी संयंत्रों से उत्पादित बिजली को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों तक पहुंचाने के लिए राज्य की विद्युत पारेषण प्रणाली में अति उच्चदाब/उच्चदाब विद्युत उपकेन्द्रों के निर्माण/स्थापना के साथ–साथ अति उच्चदाब/उच्चदाब पारेषण लाइनों की क्षमता में उन्नयन आदि के कार्य किये जा रहे है।

छत्तीसगढ़ की पारेषण कंपनी राज्य में 400 केव्ही, 220 केव्ही, 132 केव्ही अति उच्चदाब उपकेद्रों तथा राज्य के अति उच्चदाब/उच्चदाब विद्युत पारेषण लाइनों का संचालन संधारण कार्य कर रही है। प्रदेश के पारेषण प्रणाली के संचालन एवं नियंत्रण हेतु स्थापित राज्य भारप्रेषण केन्द्र (State load Despatch Centre) का प्रशासन भी छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के अंतर्गत है।

2. पदीय दायित्वः–

कंपनी का मैंनेजिंग डायरेक्टर कंपनी के सभी कर्त्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन के लिए उत्तरदायी रहेगा तथा राज्य के विद्युत पारेषण प्रणाली के संचालन संधारण सहित कंपनी में संचालित योजनाओं के तहत प्रस्तावित/निर्माणाधीन विभिन्न अति उच्चदाब/उच्चदाब सब स्टेशन एवं पारेषण लाइनों के निर्माण के कार्यो को लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण करने के लिए उत्तरदायी रहेगा तथा भविष्य की आवश्यकताओं का आंकलन कर आवश्यक प्रस्ताव तैयार करायेगा। मैनेजिंग डायरेक्टर कंपनी के उद्देश्य तथा दायित्वों के निर्वहन हेतु प्रशासनिक निर्णय एवं कुशल प्रबंधन को लागू करने के लिए जिम्मेदार रहेगा।

3. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :–

अभ्यर्थी को मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा इन्स्टीट्यूट से इंजीनियरिंग में बी.ई./बी. टेक में प्रथम श्रेणी में डिग्रीधारी होना चाहिए।

16/1/17

4. **अनुभव :–**

i. स्टेट सेक्टर के पॉवर ट्रांसमिशन यूटिलिटी अथवा पावर सेक्टर के शेडयूल "ए" सार्वजनिक उपक्रम में मुख्य अभियंता/एक्जीक्युटिव डायरेक्टर अथवा समतुल्य पद पर पॉवर ट्रांसमिशन क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यो/सब स्टेशन एवं पारेषण लाइन के निर्माण एवं कमिशनिंग तथा संचालन संधारण का न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव।

ii. मैनेजिंग डायरेक्टर के पास उत्कृष्ठ इंजीनियरिंग दक्षता के साथ–साथ पारेषण के क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न एजेंसियों के साथ समन्वय करने की क्षमता होनी चाहिए तथा योजनाओं के रूपांकन एवं क्रियान्वयन के क्षेत्र में अनुभव एवं दक्षता होनी चाहिए ताकि वह पारेषण कंपनी की योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू कर सके।

5. **अर्हताएं :–**

i. अभ्यर्थी कलर ब्लाइण्ड नहीं होना चाहिए।

ii. नियुक्त किये गये अभ्यर्थी को कार्य ग्रहण करने के पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य मेडिकल बोर्ड से "फिटनेस सर्टिफिकेट" प्राप्त कर प्रस्तुत करना होगा। मेडिकल बोर्ड से फिट पाये जाने पर ही कार्यभार ग्रहण कराया जाएगा।

6. **वेतन एवं भत्तेः–**

डायरेक्टर के पद के लिए कंपनी में कार्यपालक निदेशक के पद के लिए निर्धारित वेतनमान तथा विशेष वेतन के मद में रूपये 5000 देय होगा। वेतन के अतिरिक्त कंपनी के प्रचलित नियमों के अधीन महंगाई भत्ता, आवास भत्ता, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, अवकाश यात्रा सुविधा आदि देय होंगे। सेवानिवृत्त अभ्यर्थियों को देय कुल राशि की गणना पेंशन की राशि घटाकर की जाएगी।

7. **नियुक्ति की अवधिः–**

मैनेजिंग डायरेक्टर के पद पर नियुक्ति की अवधि कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से 03 वर्ष के लिए रहेगी।

8. **आयु सीमा :–**

दिनांक 01 जनवरी 2017 को न्यूनतम 60 वर्ष तथा अधिकतम 65 वर्ष हो।

9. **आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया :–**

i. आवेदन के साथ अभ्यर्थी द्वारा न्यूनतम निर्धारित अर्हताओं (आयु, शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव) एवं अन्य सुसंगित योग्यता/अनुभव (यदि कोई हो तो) के प्रमाण के रूप में सुसंगत दस्तावेजों की स्वप्रमाणित फोटोप्रति आवेदन के साथ संलग्न की जानी अनिवार्य है। अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

ii. आवेदन संलग्न प्रारूप में श्री एम0के0 त्यागी, सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, ऊर्जा विभाग, महानदी भवन, मंत्रालय, नया रायपुर 492002 को सम्बोधित करते हुए स्पीड पोस्ट से भेजा जायेगा।

iii. सेवारत अभ्यर्थी को अपने आवेदन की एक प्रति सीधे तथा आवेदन की दूसरी प्रति अपने नियोक्ता संस्थान के माध्यम से भेजनी चाहिए।

16/1/17

iv. सीधे ऊर्जा विभाग को भेजे जाने वाला आवेदन दिनांक 13 फरवरी 2017 को कार्यालय समय में सचिव, ऊर्जा विभाग, महानदी भवन, मंत्रालय, नया रायपुर को प्राप्त हो जाना चाहिए। निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

10. चयन प्रक्रिया/नियुक्ति की प्रक्रिया:–

(i) राज्य शासन द्वारा गठित चयन समिति द्वारा नियत दिनांक तक प्राप्त सभी दृष्टि से पूर्ण आवेदनों के अभ्यथियों में से सर्वाधिक उपयुक्त 03 उम्मीदवारों का पैनल अंग्रेजी अक्षरों के वर्णक्रम में राज्य शासन को प्रस्तुत किया जाएगा।

(ii) चयन समिति की अनुशंसा पर विचारोपरांत राज्य शासन द्वारा नियुक्ति आदेश प्रसारित किया जाएगा।

11. सेवा शर्तें :–

प्रबंध निदेशक के पद पर नियुक्त अभ्यर्थी की सेवाएं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम–2012 से प्रशासित होगी।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार
16/1/17
(एम.एस. रत्नम्)
विशेष सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
ऊर्जा विभाग

पृ0क्रमांकः 94 /आर–66/01/2016/13/2 नया रायपुर, दिनांक 16/1/17

प्रतिलिपिः–

1. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री जी भारसाधक मंत्री ऊर्जा, छ0ग0 शासन, नया रायपुर।
2. अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज, डंगनिया, रायपुर।
3. मुख्य सचिव के संयुक्त सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय, छ0ग0 शासन, नया रायपुर।
4. अपर मुख्य सचिव, छ0ग0 शासन, ऊर्जा विभाग, मंत्रालय, नया रायपुर।
5. प्रमुख सचिव, छ0ग0 शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय, नया रायपुर।
6. सचिव, छ0ग0 शासन, ऊर्जा विभाग, मंत्रालय, नया रायपुर।
7. संचालक, जनसम्पर्क विभाग की ओर समाचार पत्र में प्रकाशन के निवेदन सहित।
8. उप संचालक, कार्यालय उप संचालक, शासकीय मुद्रणालय, इन्द्रावती भवन के पीछे, amenity block, नया रायपुर की ओर विज्ञापन की प्रति राजपत्र में प्रकाशित कर राजपत्र की 25 प्रतियां ऊर्जा विभाग को उपलब्ध कराने के हेतु।

16/1/17
विशेष सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
ऊर्जा विभाग

ANNEXURE -I

APPLICATION FORM FOR APPOINTMENT AS MANAGING DIRECTOR IN CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED [THROUGH PROPER CHANNEL] '*'

(Note : Any column left blank will make the application incomplete and liable for rejection.)

1. Name of the post applied for: .....

2. (a) Name (as per official records): .....

   (b) Identification Number (Aadhaar Number): .....

   (c) Present Designation of the Applicant (in case Serving Candidate): .....

   (d) Designation at the time of retirement (in case Retired Candidate): .....

   (e) Category - Employment Status :- Officer of a State PSU's /CPSU's / Private Sector
   (Please tick as applicable)

   (f) Office Address : .....
   .....
   .....

3. Address for communication: .....
   .....
   .....

4. Telephone No: Office ..... Residence .....
   FAX No. ..... Mobile No .....
   E-Mail address .....

5. Date of Birth ..... Age (as on 01.01.2017) .....

6. Eligibility Criteria:

	As per job description	Possessed by the officer	Whether eligible or not
Educational/ professional qualifications (along with the name of Institutions)			
Present Pay Scale (in case Serving Candidate).			
Pay Scale at the time of retirement (in case Retired Candidate)			
Length of service in eligible pay scale			

'*' Note: Not applicable if applicant has retired from service.

CNH
16/11/17

-4-

7. Positions held during the preceding ten years :-

SN	Designation, and place of posting	Organisation	From	To	Pay Scale
1.					
2.					
3.					
4.					
5.					
6.					
7.					
8.					

7(a). Details of experience relevant for the advertised post and job description, out of 7 above:

SN	Designation, and place of posting	Organization	From	To	Pay Scale	Nature of experience.
1.						
2.						
3.						
4.						

Note:

1. You may attach a write up, if you wish, **not exceeding two pages,** in support of your candidature.
2. Full form of all abbreviations used while making entries in the application form should be suitably explained i.e. in footnotes or a separate attachment.

8 (A) Do you hold lien in any other organization other than where currently working ?

Yes	No

If yes:

(a) Name of the organization in which the lien is held:-

.....

.....

(b) Date from which the lien is held:- .....

(B) Are you on deputation?

Yes	No

If yes:

Date from which you have been on deputation:- .....

16/1/17

9.(a) Whether any punishment awarded to the applicant during the last 10 years. | Yes | No |

If yes, the details thereof: .....
.....

(b) Whether any action or inquiry is going on against him as far as his knowledge goes. | Yes | No |

If yes, the details thereof: .....
.....

CERTIFICATE

I certify that the details furnished by me in Cols. 1 to 9 are true to the best of my knowledge and belief.

UNDERTAKING

I hereby undertake to join the post, if selected. I understand that if I convey my unwillingness to join after the interview is held, but before the appointment is processed, or after issue of offer of appointment, I may be debarred for a period of two years for being considered for Board level post in any of the Chhattisgarh State Power Company.

Date: (Name and Signature of the applicant)

(To be filled by the State PSU /CPSU /Ministry / Department concerned)

It is certified that the particulars furnished above have been scrutinized and found to be correct as per official records.

Signature & Designation of the Competent Forwarding Authority with Telephone No. & Office Seal.

16/11/13